PUBLICATION NAME :	Aaj
EDITION:	Lucknow
DATE :	04/06/2023
PAGE NO.	5

महिला उद्यमियों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम की घोषणा

उज्जैन। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ईडीआईआई के सहयोग से राष्ट्रीय महिला आयोग एनसीडब्ल्यू ने विक्रम विश्वविद्यालय से संभावित महिला उद्यमियों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम ईएपी शुरू करने की घोषणा की। देश भर में ऐसे 100 उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उज्जैन के पहले कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंगूभाई पटेल, मध्य प्रदेश के राज्यपाल और विशिष्ट अतिथि डा. मुंजपारा महेंद्र भाई राज्य मंत्रीए महिला मंत्रालय, बाल विकास, भारत सरकार ने श्रीमती रेखा शर्मा, अध्यक्ष, एनसीडब्ल्यू, डॉ. सुनील शुक्ला, महानिदेशक, ईडीआईआईय और श्रीमती मीनाक्षी नेगी, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में पी.नरहरि, आईएएस, सचिव, एमएसएमई और उद्योग आयुक्त, मध्यप्रदेश सरकार शामिल थे।